samachar.indore@gmail.com, indoresmchr@rediffmail.com, info@indoresamachar.net, Web: www.indoresamachar.net
RNI No. 1533/57, Dak Reg.: MP/IDC/91/2021-2023
इन्दौर समाचार
वर्ष 81 अंक-37
इन्दौर, गुरुवार 28 अप्रैल 2022

साइबर शिक्षा से साइबर सुरक्षा पर नुक्कड नाटक

इन्दौर। श्री वैष्णव प्रबंध संस्थान द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा साइबर सुरक्षा पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत् मध्यप्रदेश पुलिस एवं क्विक हिल फाउंडेशन पुणे के संयुक्त तत्वावधान में साइबर शिक्षा से साइबर सुरक्षा पर नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंदौर पुलिस के साइबर अपराध सबइंस्पेक्टर शिवम ठक्करी ने भी संबोधित किया। संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने विद्यार्थियो को अपतजनंस वतसक में सुरक्षित रहने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अधिकारी डॉ. जितेन्द्र जैन ने किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. क्षमा पैठणकर एवं डॉ. अभिजीत चटर्जी उपस्थित थे।